जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति   दिनांक-13.08.2025

थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 14.32 ग्राम स्मैक बरामदः-

दिनांक 12.08.2025 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 14.32 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.राजखान पुत्र नसीम खान निवासी लाडवा खेडा मार्किट वार्ड न0 8 लाडवा कुरुक्षेत्र हरियाणा।

बरामदगी का विवरणः-

1.अवैध 14.32 ग्राम स्मैक।

थाना थानाभवन पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-

आज दिनांक 13.08.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्त के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.नजाकत अली पुत्र इदरीश निवासी ग्राम हिन्ड थाना थानाभवन जनपद शामली।

<u>थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 05 लीटर कच्ची शराब बरामदः-</u>

दिनांक 12.08.2025 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को अवैध 05 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>

1.अरुण पुत्र राजबीर निवासी ग्राम खेडी करमू शामली थाना कोतवाली शामली जनपद शामली

<u>बरामदगी का विवरणः-</u>

1.अवैध 05 लीटर कच्ची शराब।

<u>थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा सट्टा लगाते हुए 01 जुआरी गिरफ्तार, कब्जे से सट्टा पर्चा,बाल पैन,गत्ता व नगदी बरामदः-</u>

दिनांक 12.0.2025 की रात्रि को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर 01 जुआरी को सट्टा लगाते हुये 01 सट्टा पर्चा, 01 बाल पैन, 01 गत्ता व 760/- रुपये सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>

1.आसिफ पुत्र रहीस निवासी मौहल्ला तैमूरशाह थाना कोतवाली शामली जनपद शामली

<u>बरामदगी का विवरणः-</u>

1.नकदी 760/- रुपये।

2.सट्टा पर्चा 01।

3.बाल पैन 01।

4.गत्ता 01।

पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय/पुलिस लाइन शामली में नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन कर सभी पुलिसकर्मियों को दिलायी गयी शपथ ।

अवगत कराना है कि आज दिनांक 13.08.2025 को नशा मुक्त समाज एवं स्वस्थ समाज के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री रामसेवक गौतम महोदय द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय/पुलिस लाइन में नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस कार्यालय/पुलिस लाइन पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों से समाज को जागरूक करने तथा नशामुक्त वातावरण बनाने हेतु शपथ दिलाई। साथ ही महोदय द्वारा बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य और जीवन को हानि पहुँचाता है, बल्कि परिवार की खुशियों, सामाजिक मूल्यों एवं आर्थिक स्थिरता को भी नष्ट करता है। समाज के हर वर्ग को इस अभियान में भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं अपराधमुक्त वातावरण बनाया जा सके। अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को नश के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें, जनहित में नशा मुक्ति अभियान को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करें।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री संतोष कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह, व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI